आरती स्कंद माता की

आरती स्कंद माता की
================
ॐ जय स्कन्द माता, मईया जय स्कन्द माता ।
शक्ति भक्ति प्रदायिनी ॥, सब सुख की दाता ॥ ॐ ॥

कार्तिकेय की हो माता, शंभू की हो शक्ति ॥ मईया ॥
भक्त जनों को मईया ॥, देना निज भक्ति ॥ ॐ ॥

चार भुजा अति सोहे, गोदी में है स्कन्द ॥ मईया ॥
दया करो जग जननी ॥, बालक हम मतिमन्द ॥ ॐ ॥

शुभ्र वर्ण अति पावन, सबका मन मोहे ॥ मईया ॥
होता प्रिय माँ तुमको ॥, जो पूजे तोहे ॥ ॐ ॥

स्वाहा स्वधा ब्रह्माणी, राधा रुद्राणी ॥ मईया ॥
लक्ष्मी शारदे काली ॥, कमला कल्याणी ॥ ॐ ॥

काम क्रोध मद मईया, जगजननी हरना ॥ मईया ॥
विषय विकारी यह तन मन ॥, को पावन करना ॥ ॐ ॥

नवदुर्गो में पंचम, मईया स्वरूप तेरा ॥ मईया ॥
पाँचवे नवरात्रे को ॥, होता पूजन तेरा ॥ ॐ ॥

तूँ शिव धाम निवासिनी, महाँ विलासिनी तूँ ॥ मईया ॥
तूँ शमशान विहारिणी ॥, ताण्डव लासिनी तूँ ॥ ॐ ॥

हम अति दीन दुखी माँ, कष्टों ने हैं घेरे ॥ मईया ॥
अपना जान के दया कर ॥, बालक हम तेरे ॥ ॐ ॥

स्कन्द माता जी की आरती, जो कोई जन गावे ॥ मईया ॥
कहत शिवानंद स्वामी ॥, मनवांछित फल पावे ॥ ॐ ॥

ॐ जय स्कन्द माता, मईया जय स्कन्द माता ।
शक्ति भक्ति प्रदायिनी ॥, सब सुख की दाता ॥ ॐ ॥

अपलोडर- अनिलरामूर्तिभोपाल

https://www.bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/31225/title/aari-sakand-mata-ki

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |